प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महिला सशक्तिकरण और कृषि में लैंगिक समानता पर केंद्रित मैनेज का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

पंतनगर, 24 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद और कृषि संचार विभाग द्वारा आयोजित 'लैंगिक जागरूकता और महिला–नेतृत्वित विस्तार' पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन भी जारी रहा। यह कार्यक्रम 20 से 24 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन प्रतिभागियों ने कई विचारोत्तेजक और ज्ञानवर्धक सत्रों में भाग लिया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए. एस. जीना ने 'पारंपरिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने पारंपरिक ज्ञान और पद्धतियों की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में सहायक हैं। प्राध्यापक, कृषि संचार विभाग, डा. एम.ए. अंसारी, ने कृषि क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे नवाचार और तकनीकी उपकरण महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और लैंगिक अंतर को पाटने में सहायक हो सकते हैं। सह प्राध्यापक, पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय डा. अनिता आर्या ने 'डेयरी तकनीकों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आधुनिक डेयरी प्रौद्योगिकियां ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में किस प्रकार सहायक हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विकास में लैंगिक संवेदनशील दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने और महिला–नेतृत्वित विस्तार सेवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रभावशाली मंच के रूप में कार्य कर रहा है।

इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक, डा. अर्पिता एस. कांडपाल के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के 62 प्रतिभागी कर रहे हैं, जो इस क्षेत्र में नई जानकारी और दृष्टिकोण प्राप्त कर रहे हैं।

निदेशक संचार